# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

## रेलवे मे निकली 6180 टेक्नीशियन पदों पर बंपर भर्ती, 28 जून से शुरू होंगे आवेदन।

Publisher

Published on 18 Jun 2025




## युवाओं के लिए सुनहरा मौका, टेक्नीशियन ग्रेड-1 और ग्रेड-III मे भंर्ती, जानिए योग्यता, सैलरी और आवेदन प्रक्रिया।

**नई दिल्ली :** रेलवे में **सरकारी नौकरी** की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए शानदार अवसर सामने आया है। **रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB)** ने **टेक्नीशियन ग्रेड-1** और **ग्रेड-III** के **कुल 6180 पदों** पर भर्ती के लिए शॉर्ट **नोटिफिकेशन** जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार **28 जून 2025 से 28 जुलाई 2025** तक आवेदन कर सकेंगे।

यह भर्ती देशभर के विभिन्न रेलवे जोनों में की जाएगी। विस्तृत जानकारी **RRB** की वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जल्द उपलब्ध होगी।

कितने पद, किसके लिए ?
१. **टेक्नीशियन ग्रेड-1 सिग्नल – 180 पद**
२. **टेक्नीशियन ग्रेड-III – 6000 पद**
३. **सभी पद जोन व कैटेगरी वाइज वितरित किए जाएंगे, विस्तृत जानकारी डिटेल नोटिफिकेशन मे दी जाएगी।**

**योग्यता और आयु सीमा**
**टेक्नीशियन ग्रेड-1:**
**संबंधित ट्रेड मे B.Sc या इंजीनियरिंग डिप्लोमा / डिग्री आवश्यक**

**टेक्नीशियन ग्रेड-III:**

**आईटीआई (मान्यता प्राप्त संस्थान से) या 10वीं के साथ टेक्निकल ट्रेड मे संर्टिफिकेट अनिवार्य**

आयु सीमा:

१. **न्यूनतम : 18 वर्ष**

२. **अधिकतम : 30 वर्ष**

३. **आरक्षित वर्ग (SC/ST/OBC/PwD) को नियमानुसार छूट मिलेगी।**

वेतनमान

१. **ग्रेड-1 टेक्नीशियन :** ₹29,200/- प्रति माह (लेवल-5)

२. **ग्रेड-III टेक्नीशियन :** ₹19,900/- प्रति माह (लेवल-2)

३. **इसके अतिरिक्त, DA, HRA, TA जैसे भत्ते भी मिलेगें**।

आवेदन कैसे करें ?

१. **RRB की आधिकारिक वेबसाइट** rrbapply.gov.in पर जाएं

२. "**Apply Online**" लिंक पर क्लिक करें

३. मांगी गई जानकारी भरें – **नाम, जन्मतिथि, योग्यता, ईमेल आदि**

४. **फोटोग्राफ, सिग्नेचर और दस्तावेज़ अपलोड करे**

५. **आवेदन शुल्क का भुगतान करे**

६. **फॉर्म सबमिट कर प्रिंट आउट सुरक्षित रखे**

चयन प्रक्रिया में क्या होगा ?

१. **CBT (Computer Based Test)**

२. **दस्तावेज़ सत्यापन**

३. **फिजिकल फिटनेस टेस्ट (जहां आवश्यक हो)**

४. **सभी चरणों मे प्रंदर्शन के आधार पर फाइनल मेरिट बनेगी**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.